## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 11.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग के विभिन्न पदों पर चयनित कुल 19 अभ्यर्थियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।**
2. **सूर्या हांसदा प्रकरण और जमीन लूट के खिलाफ भाजपा का राज्यव्यापी प्रदर्शन, विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने रांची और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कांके में किया प्रदर्शन।**
3. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आचार्य विनोवा भावे को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि, कहा– श्री भावे देश के सबसे सम्मानित आध्यात्मिक नेता, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे।**
4. **राज्य के नौ जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट, अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की आएगी कमी।**
5. **एशिया कप महिला हॉकी में आज सुपर फोर्स मैच में भारत का मुकाबला चीन से, कल भारत ने कोरिया को 4–2 से दी थी शिकस्त।**

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद नगर विकास विभाग में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। रांची के धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार भी मौजूद रहेंगे।

********************

सूर्या हांसदा प्रकरण और जमीन लूट के खिलाफ भाजपा ने राज्यव्यापी प्रदर्शन किया। विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में रांची में और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने नेतृत्व में कांके में प्रदर्शन किया। वहीं धालभूमगढ़ में चंपाई सोरेन और अनगड़ा में सांसद दीपक प्रकाश प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। सभी जिलों में भाजपा कार्यकर्ता राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने श्री भावे को भारत के आध्यात्मिक, सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में महान योगदान के लिए याद किया। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि श्री भावे देश के सबसे सम्मानित आध्यात्मिक नेता, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे। उनका जीवन गांधीवादी आदर्शों को लोकप्रिय बनाने और हाशिए पर रहे लोगों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित रहा।

********************

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिपावली तक वस्तु और सेवा कर–जी.एस.टी. में नए सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने 3 सितंबर को आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए दरों को युक्तिसंगत बनाने की मंजूरी दी। आज हम बात करेंगे कि ये सुधार घरेलू इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को और अधिक किफायती बनाकर मध्यम वर्ग की कैसे मदद करते हैं।

********************

जामताड़ा जिले के विभिन्न विभागों में व्याप्त कमीशन खोरी,  कोयला, पत्थर, बालू आदि खनिजों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने सहित अन्य मांगों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नाला प्रखंड कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया।

********************

संतालपरगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार दुमका के उप परिवहन आयुक्त शैलेन्द्र कुमार रजक ने बताया कि सभी ऑटो रिक्शा के वाहन स्वामियों के निबंधन के लिए जिला परिवहन कार्यालय में विशेष शिविर लगया जाएगा। इसी क्रम में 15, 16 और 18 सितंबर को देवघर जिला परिवहन कार्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

********************

नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 5 से 22 सितंबर तक आयोजित हो रहे सरस आजीविका मेले में सिमडेगा जिले की महिलाएं अपनी हुनर और मेहनत से नई पहचान बना रही हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

********************

आज सुबह के कारोबार में बेंचमार्क घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। आखिरी रिपोर्ट आने तक, सेंसेक्स 25 अंक गिरकर 81,400 पर और निफ्टी 10 अंक गिरकर 24,963 पर आ गया। क्षेत्रीय स्तर पर, तेल एवं गैस, यूटिलिटीज और मीडिया में सबसे ज़्यादा तेज़ी रही। दूसरी ओर, आईटी, ऑटो और रियल्टी शेयरों में बिकवाली देखी गई।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख दो हजार दो सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 31 हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

मौसम विभाग ने आज राज्य के नौ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें रांची, रामगढ़, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सरायकेला—खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम शामिल है। इस दौरान वज्रपात के साथ तेज आंधी भी चल सकती है। पूर्वानुमान के अनुसार अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री तक गिरावट आ सकती है।

********************

एशिया कप महिला हॉकी सुपर फोर्स में भारतीय महिला हॉकी टीम का मुकाबला आज शाम सात बजे से चीन से होगा, कल भारतीय महिला हॉकी टीम ने विजयी क्रम जारी रखते हुए सुपर चार चरण के पहले मैच में कोरिया को 4—2 से हरा दिया है। इस मैच में भारतीय टीम के लिए वैष्णवी विट्ठल फाल्के (दूसरे मिनट) में संगीता कुमारी (33वें मिनट) में लालरेमसियामी (40वें मिनट) में और ऋतुजा दादासो पिसल (59वें) मिनट ने गोल किए थे।

********************

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में, भारतीय हैवीवेट मुक्केबाज़ नूपुर श्योराण महिलाओं के 80 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। ब्रिटेन के लिवरपूल में खेले जा रहे इस मुकाबले में नूपुर ने उज़्बेकिस्तान की ओल्टिनोय सोतिम्बोएवा को 4—1 से हराकर कम से कम कांस्य पदक पक्का किया।

*******समाप्त*********